## सैनिक स्कूल सोसाइटी.....

- मौजूदा सैनिक स्कूल जो 1961 से अस्थित्व में हैं, सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय के समग्र प्रशासन के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार के एक संयुक्त उद्यम हैं। इनकी स्थापना बालकों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में भर्ती के लिए शैक्षणिक और मानसिक रूप से तैयार करने के लक्ष्य के साथ की गई है। वर्तमान में देश के विभिन्न भागों में 33 सैनिक स्कूल स्थित हैं। शैक्षणिक सत्र 2021-22 से बालिका कैडेटों का भी दाखिला शुरु किया गया है।
- भारत सरकार ने राष्ट्रीयता की भावना उत्साह, अदम्य साहस तथा, राष्ट्र के प्रति सम्मान की मूल्यों के लिए अचूक वचनबद्धता के विकास, शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने और छात्रो में राष्ट्रीय गर्व की भावना का विकास करने के लिए एनजीओ/निजी स्कूलों और राज्य सरकार के साथ भागीदारी में सैनिक स्कूल सोसाइटी रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत 100 सैनिक स्कूल स्थापित करने के पहल को अनुमोदन प्रदान किया है। इस पहल का लक्ष्य राष्ट्र को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए नेतृत्व क्षमताओं के साथ शैक्षणिक रूप से मजबूत, सांस्कृतिक रूप से जागरूक, बौद्धिक रूप से निपुण, आत्मविश्वासी, अति कुशल, बहु-आयामी, राष्ट्र भक्त आत्म निर्भर युवा समूह को बनाना है। भारत सरकार योग्यता-सह-साधन आधार पर शुल्क सहायता के रूप में सहायता प्रदान करेगी। देश भर के 100 सैनिक स्कूलों की मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ अनुमोदन के लिए छंटनी की जाएगी बशर्ते कि अनुमोदित उपनियमों पर सहमति और सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ समझौता करार पर हस्ताक्षर करने के लिए इच्छुक होने के साथ-साथ इस उद्देश्य के लिए बनाई गई अर्हक अपेक्षाओं को पूरा करते हो। प्रत्येक जिले में एक से अधिक सैनिक स्कूल नहीं होगा। पंजीकरण समाप्त होने की तिथि अर्थात 31.01.2022 तक 23 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों से 380 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये स्कूल छात्रों को देश के समृद्ध संस्कृति और परम्परा में गौरव पैदा करने में सक्षम बनाने वाले मूल्य-आधारित शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।